28 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 2/28/2025 9:31 PM Page 1


हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 1 मार्च 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

3 कोरिया-एमसीबी में 13 हजार से ज्यादा विद्यार्थी देंगे परीक्षाएं



# नगर निगम सरकार का शपथ ग्रहण समारोह कल होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम की नई सरकार के शपथ ग्रहण को लेकर अब इंतजार खत्म होने वाला है। 2 मार्च को नगर निगम की नव निर्वाचित पहली महिला महापौर मंजूषा भगत के साथ ही सभी 48 पार्षद शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण के समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शपथ ग्रहण का यह समारोह शहर के पीजी कॉलेज मैदान के हॉकी स्टेडियम में होगा। हालांकि इस दिन सिर्फ जनप्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण को ही रखा गया है जबकि प्रथम सम्मेलन का कार्यक्रम अलग से होगा। शपथ ग्रहण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

बता दें कि नगरीय निकाय चुनाव में सरगुजा जिले में इस बार कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की हार गए जबकि भाजपा की मंजूषा भगत ने चुनाव में जीत दर्ज करने के साथ ही इतिहास भी बनाया है। वर्ष 2014 से अब तक सिर्फ पुरुष महापौर ही निगम की कुर्सी संभालते रहे है। वर्ष 2004 से वर्ष 2014 तक लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज दस वर्षों तक नगर निगम में महापौर रहे। वहीं 2014 से 2024 तक दस वर्ष डॉ. अजय तिर्की महापौर रहे लेकिन इस बार मजुषा भगत ने इस रिकार्ड को तोड़ दिया है। मंजूषा भगत नगर निगम में पहली महिला महापौर के रूप में बैठने जा रही है और अगले पांच वर्षों तक महिला महापौर के हाथों में निगम की कमान होगी। नगर निगम में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का इंतजार किया जा रहा था लेकिन अब स्थिति साफ हो गई है। नगर निगम सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 2 मार्च को होगा। रविवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और सीएम की मौजूदगी में नव निर्वाचित महिला महापौर मंजूषा भगत सभी 48 पार्षदों के साथ शपथ लेंगी। वहीं निगम के पहले सम्मिलन के लिए अलग से कार्यक्रम किया जाएगा।

## सीएम होंगे मुख्य अतिथि, महिला महापौर मंजूषा भगत व 48 पार्षद लेंगे शपथ

### शपथ ग्रहण समारोह का दिया निमंत्रण

शपथ ग्रहण समारोह के लिए नव निर्वाचित महापौर मंजूषा भगत ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाक़ात कर निमंत्रण दिया है। शुक्रवार को नवनिर्वाचित महापौर मंजूषा भगत, सांसद सरगुजा चिंतामणि महाराज, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सीएम से मुलाकात की। ननि चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बधाई देने प्रथम बार पहुंची थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी नवनिर्वाचित महापौर सहित नवनिर्वाचित पार्षदों को अपनी ओर से बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर महापौर मंजूषा भगत ने मुख्यमंत्री को 2 मार्च को अंबिकापुर में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में आने का न्योता दिया जिस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी स्वीकृति भी दी। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हर पाल सिंह भामरा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया तथा मधुसूदन शुक्ला सहित अन्य भाजपा नेता पदाधिकारी उपस्थित थे।



### सर्वाधिक भाजपा पार्षद

नगर निगम चुनाव में इस बार कांग्रेस को खासा नुकसान उठाना पड़ा। नगर निगम में कांग्रेस की सत्ता गई इसके साथ ही इनके पार्षदों को भी हार का सामना करना पड़ा। नगर निगम के 48 वार्डों की बात की जाए तो भाजपा के 31 पार्षद जीत कर आए है और भाजपा निगम में बहुमत में है। इसके साथ ही कांग्रेस के सिर्फ 15 पार्षद ही जीतकर आए है। वहीं दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी चुनाव जीता है।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को

**अम्बिकापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल संचालन हेतु जिले में विभिन्न खंडपीठों की स्थापना की गई है। इसके लिए कलेक्टर, अपर कलेक्टर, नजूल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। सरगुजा जिले के विभिन्न न्यायालय कक्षों में 20 से अधिक खंडपीठें गठित की गई हैं, जिनमें कलेक्टर न्यायालय, अपर कलेक्टर न्यायालय, तहसील एवं अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय शामिल हैं। लोक अदालत में राजस्व दांडिक, भू-अर्जन, आर.बी.सी. 6(4) तथा विविध प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा। संबंधित अधिकारी विधि द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए विवादों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। जिला प्रशासन एवं विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनता से आह्वान किया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित विवादों का समाधान आपसी सहमति से कराएं। लोक अदालत में किए गए समझौतों को न्यायिक मान्यता प्राप्त होगी एवं यह अंतिम होगा।

### शिक्षक की बाइक को चोरों ने किया पार, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम नकना निवासी कपिल देव आ. शाम कुमार शहर के निजी स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ है। 11 फरवरी की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 ईसी 4421 को घर के बरामदा में खड़ा किया था। दूसरे दिन उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

### सामरी पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

# चुनाव में भय फैलाने लगाए थे नक्सलियों के नाम से बैनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव से पहले पुन्दाग क्षेत्र में चार स्थानों पर कथित नक्सली बैनर मिलने के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। लोगों में दहशत पैदा करने और पंचायत चुनाव प्रभावित करने की नियत से नक्सलियों के नाम पर फर्जी तरीके से बैनर लगाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने झारखण्ड से लाल कपड़ा खरीदकर धमकी भरा बैनर लगाया था।

**खास बात**

- चार स्थानों पर मिले थे धमकी भरे कथित नक्सली बैनर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

बता दें कि 3 फरवरी को बलरामपुर जिले के सामरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुंदाग से पीपरढाब रोड किनारे बने गौठान, दुमुहान नदी के किनारे, चरहू मस्जिद के समीप व पुन्दाग, चरहू, पेपरढाब, निर्माणाधीन रोड में सडक निर्माण बंद कराने के उद्देश्य से अटल चौक पर कथित नक्सली बैनर चपका हुआ मिला था। नक्सलियों द्वारा वन विभाग, पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लिखने के साथ ही जंगल कटाई बंद करने, सडक निर्माण बंद करने की धमकी दी थी। भाकपा माओवादी नक्सलियों के नाम से लगाए गए बैनर के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया था और दहशत का माहौल ⏭ शेष पेज 4 पर

### पुलिस को करते रहे गुमराह

स्थानीय युवकों द्वारा ही वारदात को अंजाम दिए जाने की शंका के आधार पर पुलिस ने चुनचुना के चरहू निवासी 35 वर्षीय इस्लाम अंसारी आ. स्व. तुफैल अंसारी व 38 वर्षीय आबिद खलीफा आ. अली खलीफा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। आरोपी लगातार पुलिस को गुमराह करते रहे। इसके साथ ही जब पुलिस उन्हें लगातार पूछताछ के लिए बुलाने लगी तो वे भागकर छिप गये गए थे जिसके बाद पुलिस का संदेह पक्का हो गया। ऐसे में पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी इस्लाम अंसारी ने पुलिस को बताया कि उसने झारखंड के बरगढ़ से लाल कपड़ा खरीदा जबकि श्रृंगार स्टोर से पेंट, ब्रश, सेलो टेप खरीदकर लाए और सफेद पेंट से धमकी लिखकर इस्लाम और आबिद ने अटल चौक, पुंदाग से पीपरढाबा रोड किनारे बने गोठान के पास, दुमुहान नदी के तथा चरहू मस्जिद के पास बैनर टांग दिया। इसे में पुलिस ने आरोपियों को छग विशेष जन सुरक्षा अधिनियम की धारा 8(1),(3), (5) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही शेष बचा हुआ लाल कपड़े का हिस्सा तथा पेट, ब्रश व भाकपा माओवादी का लेटर पैड, घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जब्त किया है।

### जमानत के बाद फरार चल रहा नक्सल वारंटी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** नक्सली पर्चा फेंककर धमकी देने के मामले में 4 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी 2021 से जमानत पर रिहा होने के बाद से फरार चल रहा था और नक्सल आरोपी के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांदो थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में व्यक्ति के घर में माओवादी कोयल शंख जोनल कमेटी लिखा पम्पलेट फेंका गया था। माओवादी नक्सलियों ने 10 लाख रुपए की फिरौती मांगने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में चांदो पुलिस द्वारा भादवि की धारा 384, 507 के साथ ही जन सुरक्षा अधिनियम की धारा 8 एवं 10, 13 के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था जबकि एक आरोपी चांदो इदरीकला निवासी 25 वर्षीय कादिर अंसारी आ. मोहम्मद जमानत पर रिहा होने के बाद वर्ष 2021 से फरार चल रहा था। फरार आरुई के खिलाफ न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी किया गया था। एसपी बलरामपुर वैभव बैंकर द्वारा स्थायी वांरट की तामीली के निर्देश दिए गए थे जिसके बाद अभियान चलाकर फरार आरोपी की तलाश चल रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर फरार चल रहे स्थायी वारंटी कादिर अंसारी को हिरासत में लिया गया। मामले में आरोपी से पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दुवेन्द्र सिंह टेकाम, सउनि गिरीश सहाय, प्रधान आरक्षक संजय एक्का, संतोष पैकरा, डीएसएफ अशोक नाग, आरक्षक अभाष मिंज, दारा सिंह पैकरा सक्रिय रहे।






## खबर संक्षेप

### नपं बिश्रामपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आज

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन आज शनिवार एक मार्च को नपं कार्यालय बिश्रामपुर परिसर में आयोजित किया गया है।शपथ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा उपस्थित रहेंगे।अध्यक्षता प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी करेंगे।नगर पंचायत बिश्रामपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुशील तिवारी ने बताया कि शपथ समारोह प्रातः 11 बजे आयोजित किया गया है,यहां पर एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल नवनिर्वाचित सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी।कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता व नगरवासी इस दौरान शामिल रहेंगे।

### अंतर राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन आज

**सोनगरा।** वीर शिवाजी क्लब वीरपुर के तत्वाधान में आयोजित अंतर्राज्यीय स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन 1 मार्च को होगा। फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन मे केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा व केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शामिल होगी। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

### विज्ञान दिवस पर हुई पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता



**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साईंस क्लब के तत्वाधान में शुक्रवार को विज्ञान दिवस के अवसर पर इम्पावरिंग इंडियन यूथ फॉर ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस एण्ड इनोवेशन फॉर विकसित भारत 2047 विषय पर पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रदर्शनी और रंगोली में विकसित भारत 2047 के विविध आयाम दिखाए। एक ओर जहां इसरो की सफलता, चंद्रयान, कृत्रिम बुद्धि पर आधारित जीवन, कम्प्यूटर का भविष्य और मानव जीवन को तूलिका से उकेरा तो दूसरी ओर विकसित हो रही अर्थव्यवस्था का सफर दिखा। विश्व में पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की चुनौती पेश की गयी तो विकसित भारत की तस्वीर सभी को मोहक लगी। जल-जंगल जमीन को बचाये रखना चुनौती के रूप में दर्शाया गया तो संघारित विकास भविष्य की जरूरत बनाकर प्रस्तुत किया गया। रंगोली में मजबूत लोकतंत्र के लिये युवाओं की भागीदारी के साथ संचार, इसरो के रॉकेट लांचर, मौसम और गति को दिखाया गया। पोस्टर प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक डा.श्रीराम बघेल, सहायक प्राध्यापक दीपश्री बड़ाईक और डॉ.दिनेश शाक्य थे। पोस्टर प्रदर्शनी और रंगोली का अवलोकन महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले, प्रबंध समिति सदस्य जयंत थोरात, प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य प्राध्यापकों ने किया।

महाशिवरात्रि के दिन परिजन व दोस्तों के साथ गया था देवगढ़ धाम

# मारपीट से गंभीर युवक की मौत, परिजन ने चिकित्सकों पर लगाया लापरवाही का आरोप



सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करते परिजन स लोग।



अस्पताल में बिलखते परिजन, इनसेट में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल किसी न किस बात को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है। आज सुबह उस समय पुनः सुर्खियों में आ गया जब मारपीट से गंभीर हुए युवक की मौत हो गई। परिजन ने ड्यूटी में तैनात चिकित्सक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। साथ ही मामले की जांच कर दोषी चिकित्सकों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। हैरानी की बात यह है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इस प्रकार की लापरवाही का आरोप पूर्व में भी लगा है बावजूद इसके अस्पताल के चिकित्सक व स्टाफ लापरवाही बरतने से बाज नहीं आते जिसका खामियाजा अस्पताल में दाखिल मरीज सहित परिजन को भुगतना पड़ता है।

**खास बात**

- परिजन ने अस्पताल में जमकर मचाया हंगामा, की जांच की मांग

जानकारी के अनुसार शीतला वार्ड निवासी अमोल दास आ. स्व. जयनंदन दास (32 वर्ष) महाशिवरात्रि के दिन मां धुरनी बाई व दोस्त विशेष मानिकपुरी, रविदास के साथ अलग-अलग बाइक से देवगढ़ धाम पूजा अर्चना व मेला घूमने गए थे। शाम को वापस लौटने के दौरान अमोल दास मां व दोस्तों के साथ बरपारा निवासी बहन बुल कुंवेर यहां रुके थे। रात को भोजन करने बाद सभी वापस लौटने लगे तभी बरपारा में ही बाइक से हल्का टक्कर लग जाने पर गांव के ही बाबा नामक युवक ने लगभग 15 से 20 युवक को बुला लिया और अमोल दास के दोस्तों के साथ विवाद करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही जब अमोल दास बीच बचाव करने पहुंचा तो युवकों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे गंभीर चोट लगने से अमोल मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन तत्काल घायल को उदयपुर सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। देर रात परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां आज सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर युवक के मौत पर परिजन ने चिकित्सकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाया और दोषी चिकित्सकों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की। अस्पताल प्रबंधन के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए।

### दुर्व्यवहार का आरोप

परिजन ने बताया कि युवक की हालत गंभीर होने के बावजूद उसे सामान्य वार्ड में रखा गया था। जब युवक की हालत ज्यादा बिगड़ गई तो उसे आईसीयू ले जाया गया। परिजन का आरोप है कि जब भी वे चिकित्सक व स्टाफ से युवक के संबंध में पूछताछ करते तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता था और उनकी बातों को नजर अंदाज कर उपचार के नाम पर कुछ नहीं किया गया।

### छह घंटे बाद लेकर गए शव

युवक की मौत के बाद परिजन शव को घर नहीं ले जाने की जिद पर अड़े रहे। परिजन दोषी चिकित्सकों व स्टाफ के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। शव का पीएम हो जाने के बाद परिजन लगभग छह घंटे तक शव को मरच्यूरी के पास रखे रहे। इधर घटना की जानकारी लगने पर मणिपुर पुलिस व अस्पताल के अधिकारियों ने परिजन को जांच कर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया जिसके बाद परिजन शव को लेकर गए।

### दो घंटे तक किया चक्का जाम

मेडिकल कॉलेज अस्पताल से शव लेकर परिजन सहित मोहल्ले के लोग दोपहर लगभग 2 बजे घटना स्थल बरपारा चौक के समीप पहुंचे। जहां मुख्य मार्ग पर शव को रख आरोपियों की गिरफ्तारी व मुआवजा की मांग करने लगे। इसी बीच उदयपुर पुलिस मौके पर ही पहुंची और आंदोलन कर रहे लोगों को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया। पुलिस के आश्वासन पर लगभग दो घंटे बाद चक्का जाम समाप्त किया।

### चिकित्सकों ने नहीं किया ऑपरेशन

परिजन का आरोप है कि मारपीट के बाद गंभीर हुए युवक को सीएचसी उदयपुर से रेफर किए जाने पर 27 फरवरी की देर रात मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों के सलाह पर सोनो ग्राफी के अलावा सीटी स्कैन कराया गया। सीटी स्कैन की रिपोर्ट 27 फरवरी की दोपहर 3.30 मिल गई थी जिसमें लीवर में गंभीर चोट का पता चला था। चिकित्सकों ने ऑपरेशन करने की बात कही थी लेकिन ऑपरेशन नहीं किया जिससे युवक की हालत और भी बिगड़ गई। परिजन का आरोप है कि ऑपरेशन करने के लिए पर्याप्त समय मिला था लेकिन घायल का न तो सही तरीके से उपचार किया गया और न ही ऑपरेशन किया गया। अगर समय पर ऑपरेशन कर दी जाती तो शायद युवक आज जीवित होता।

### किया गया था नॉन कॉन्ट्रास्ट सीटी स्कैन

अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि सीटी स्कैन दो प्रकार के होते है एक नॉन कॉन्ट्रास्ट व दूसरा कॉन्ट्रास्ट। घायल का नॉन कॉन्ट्रास्ट सीटी स्कैन किया गया था जिसमें चोट व ब्लड निकला है कि नहीं इसका पता नहीं चला। कॉन्ट्रास्ट सीटी स्कैन होता तो चोट व लीवर की स्थिति स्पष्ट हो जाती।

### जांच टीम गठित

अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर आरसी आर्या ने बताया कि युवक की मौत के मामले की जांच की जाएगी। जांच के लिए तीन सदस्य टीम का गठन किया गया है। टीम द्वारा युवक के उपचार व जांच रिपोर्ट की जांच करेगी। जांच पश्चात दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### मरीज था गंभीर

मरीज की हालत गंभीर होने के कारण उसका ऑपरेशन करना मुश्किल था। चिकित्सक मरीज पर निगरानी रखे हुए थे और मरीज को स्टेबल का प्रयास किया गया लेकिन लगातार बीपी गिरने के कारण ऑपरेशन नहीं किया गया। गंभीर मरीज का तत्काल ऑपरेशन नहीं किया जाता है। ऑपरेशन करने मरीज की स्थिति संभालने में काफी दिक्कत होती है।

-डॉ. आरसी आर्या, अस्पताल अधीक्षक



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि।

## ग्राम साल्ही में हुई अंतर ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्राम साल्ही में पीसीबी ट्रॉफी अंतर्रग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। आरआरवीयूएनएल के सामाजिक सरोकारों के तहत पीसीबी के नाम पर ग्राम साल्ही के मैदान में 1 मार्च तक चलने वाले फूटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम तारा की नव नियुक्त सरपंच श्रीमती संपत्तियां देवी ने किया।

- पहले दिन के रोमांचक मुकाबले में साल्ही, परसा और चंदन नगर ने जीता मैच

टूर्नामेंट में स्थानीय के साथ साथ कोरबा और सूरजपुर जिलों की कुल 24 टीमों के 360 खिलाड़ीयों के मध्य 23 मुकाबले खेले जाएंगे। खेल और खेल भावना से खेले जा रहे टूर्नामेंट में पांच दिनों तक शाम 5 बजे से तीन रैफरी, संतोष कुमार श्रीवास्तव, योगेंद्र सिंह उइके और राजेंद्र सिंह मरकाम के मार्गदर्शन और नेतृत्व में दर्शक फुटबॉल का आनंद लेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 1 मार्च को खेला जाएगा, जिसमें दो सर्वश्रेष्ठ टीमें पीसीबी ट्रॉफी के खिताब के लिए भिड़ेंगी। विजेता टीम को 31 हजार तथा उपविजेता टीम को 21 हजार का नगद पुरस्कार सहित पीसीबी ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। पहला मुकाबला साल्ही बनाम कवलगिरी के बीच खेला गया जिसमें साल्ही की टीम ने 3-2 से शानदार जीत दर्ज की। साल्ही के लिए आनंद, अर्जुन और उज्जेन सिंह ने एक-एक गोल कर टीम को जीत दिलाई। वहीं दूसरा मैच लक्ष्मीपुर बनाम परसा मध्य हुआ जो कि बेहद संघर्षपूर्ण रहा। निर्धारित समय तक कोई निर्णायक बढ़त नहीं बनने के कारण मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा, जहां परसा की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की और अगले दौर में प्रवेश किया। जबकि तीसरा मुकाबला चंदननगर बनाम बगदरी की बीच आयोजित हुआ इसमें भी निर्धारित समय तक दोनों टीमों के द्वारा एक भी गोल न किए जाने की वजह से पेनल्टी शूटआउट से ही फैसला हुआ जहां चंदन नगर ने 1-0 से जीत दर्ज की। ग्राम सरपंच श्रीमती संपत्तियां देवी ने कहा कि यह आयोजन न केवल क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है बल्कि युवाओं को खेल संस्कृति से जोड़ने की दिशा में एक बेहतरीन पहल भी है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने और अपने प्रदर्शन से खेल प्रेमियों का दिल जीतने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह पोर्ते, सचिव आनंद सिंह श्याम, उपाध्यक्ष बजरंग उईके, कोषाध्यक्ष उज्जैन पोर्ते, संरक्षक पन्ने सिंह उईके के अलावा मिथुन पोर्ते, गंगा श्याम, सुमान उईके, कुलदीप कुसरो, मन्नू पोर्ते, उमेश पोर्ते, चंदन सिंह पोर्ते, अनुज कुसरो सहित अन्य उपस्थित थे।

## बस्तामुक्त शासकीय विद्यालय रुनियाडीह में लक्ष्मीबाई बालिका आत्मरक्षा का दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



प्रशिक्षण लेती छात्राएं।

बस्तामुक्त शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में समग्र शिक्षा की ओर से बालिका आत्मरक्षा हेतु लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा कार्यक्रम के तहत 30 दिवसीय प्रशिक्षण सफल संचालन किया जा रहा है।लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा कार्यक्रम के तहत बिश्रामपुर की ताइक्वांडो येलो बेल्ट धारी प्रशिक्षक सुश्री रोशलीमा बखला प्रतिदिन प्रातः 9 बजे विद्यालय पहुंचकर 1 घंटे तक छात्राओं को प्रशिक्षित कर रही हैं। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने बताया कि यह कार्यक्रम संस्था की वरिष्ठ शिक्षका श्रीमती एम. टोप्पो की देखरेख में प्रतिदिन संचालित हो रही है, जिसमें विद्यालय के सभी 38 छात्राएं इस कार्यक्रम से जुड़कर लाभ ले रही हैं। बाल कैबिनेट के मंत्री रिंकी राजवाड़े, सुनीता राजवाड़े, चित्रकुमारी व रूपा विश्वकर्मा द्वारा कार्यक्रम को भविष्य के लिए लाभदायक बताया। कार्यक्रम से प्रशिक्षित स्कूली छात्राओं को ना केवल आत्मविश्वास व आत्मबल मिला है बल्कि वह अपनी सुरक्षा कर पाने में भी समर्थ हो रही हैं, आवश्यकता पड़ने पर वह अपनी सुरक्षा कर पाएंगी, प्रशिक्षण के दौरान संस्था के शिक्षक रिजवान अंसारी, श्रीमती पूनम गुप्ता व अन्य स्टाफ सक्रिय हैं।

## फरवरी में एसईसीएल के 14 अधिकारी-कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत 14 कोल अधिकारी व कर्मचारी शुक्रवार 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो गए हैं।सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी व कर्मचारियों में एरिया हेड क्वार्टर से क्षेत्र के एरिया सेल्स मैनेजर रहे रवींद्र कुमार सैनी व उपेन्द्र,क्षेत्रीय मुख्यालय में सिविल विभाग में पदस्थ वरिष्ठ लिपिक सुवन कुमार त्रिपाठी,अमेरा ओपन कास्ट से अशोक कुमार, नाजरियस बरवा,आमगांव ओपन कास्ट से अरविंद सिंह,बलरामपुर 10-12 खदान से श्याम लाल, बिगन,कोमल साय,रमा शंकर,गायत्री भूमिगत खदान से जयपाल, आरजीके सब एरिया से ननका राम,राकेश कुमार,नरेश पाल सोढ़ी के नाम शामिल हैं।विदाई समारोह में आज संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल पर सहयोगी कर्मियों ने सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

### कोल इंडिया की बैठक में जनरल मजदूर का पदनाम बदला गया अब कहलाएंगे जनरल असिस्टेंट

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया की जेबीसीसीआई 11 के मानकीकरण समिति की चौथी बैठक गत दिवस सम्पन्न हुई। इसमें कोल इंडिया में कैटेगरी 1 के तहत आने वाले जनरल मजदूर के पदनाम में बदलाव के प्रस्ताव पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया है।बैठक के दौरान समिति ने इस विषय पर गहन चर्चा की और सहमति व्यक्त की है कि श्रेणी में गैर-कार्यकारी संवर्ग के कर्मचारियों का पदनाम जनरल मजदूर के स्थान पर अब जनरल असिस्टेंट किया जाएगा। बैठक में लिए गए निर्णय के बाद कोल इंडिया के महाप्रबंधक श्रम शक्ति एवं औद्योगिक संबंध गौतम बनर्जी के हस्ताक्षर से इस बावत शुक्रवार 28 फरवरी को आदेश भी जारी कर दिया गया है।प्रबंधन के इस निर्णय का श्रम संगठनों ने स्वागत कर इसे मजदूरों के स्वाभिमान की जीत बताया है।

**Notice U/S 72 of the INDIAN partnership Act 1932**

Notice is hereby given that pursuant to reconstitution the partnership firm GREEN ROOTS on 22-Nov-2024 Shri Kunal Jain has join the partnership firm and Shri kunal jain has retired from partnership firm from 14/2/2025. Ambikapur Dist. Sarguja (C.G) 497001
Date:-01/03/2025





































आज से शुरु होंगी बोर्ड की परीक्षाएं, कोरिया में 25 तो एमसीबी में 46 केन्द्र

# कोरिया-एमसीबी में 13 हजार से ज्यादा विद्यार्थी देंगे परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में बोर्ड परीक्षाओं की शुरूआत एक मार्च से होगी। जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 25 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, इनमें से 21 केन्द्र बैकुंठपुर ब्लॉक और 4 केन्द्र सोनहत ब्लॉक में स्थित हैं। कोरिया जिले में इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में 4,920 विद्यार्थी शामिल होंगे। इनमें से 10 वीं बोर्ड कक्षा के 2,741 और 12 वीं बोर्ड कक्षा के 2,179 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

जानकारी के अनुसार 1 मार्च को 12 वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की शुरूआत हो रही है। वहीं आगामी 3 मार्च को 10 वीं बोर्ड की परीक्षा की शुरूआत होगी। सभी विद्यार्थियों को निर्धारित समय के पूर्व अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, वहीं अभिभावकों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को परीक्षा से पहले तनावमुक्त रहने और बेहतर प्रदर्शन के लिए नियमित अध्ययन करने की सलाह दी है। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों में उत्साह और हल्का तनाव देखा जा रहा है। प्रशासन की ओर से भी हर संभव सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि परीक्षाएं नकल मुक्त और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सकें। बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो, इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं तथा संवेदनशील केन्द्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। जिला प्रशासन ने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा बल तैनात करने का निर्णय लिया है, विशेष रूप से उन परीक्षा केन्द्रों पर जिन्हें संवेदनशील और अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता, नकल प्रकरण या गड़बड़ी मिलने पर तत्काल रिपोर्ट तैयार कर कार्रवाई की जाएगी। आयोजित बोर्ड परीक्षा में परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मोबाइल, स्मार्ट वॉच परीक्षा केन्द्र नहीं ले जाने के निर्देश दिए गए हैं।



तैयार परीक्षा केन्द्र।

### 28 तक चलेगा बोर्ड परीक्षा

मिली जानकारी के अनुसार माशिमं रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड की परीक्षा 1 मार्च से शुरू होकर आगामी 28 मार्च तक संचालित होगा। 1 मार्च को 12 वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू हो रही है, जो 28 मार्च तक संचालित होगी। इसी तरह 10 वीं बोर्ड की परीक्षा 3 मार्च से शुरू होकर 24 मार्च तक संचालित होगी, इसके अलावा शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा 1 से 10 मार्च तक संचालित की जाएगी। बोर्ड परीक्षा अपने निर्धारित तिथियों को प्रातः 9 से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### नकल रोकने उड़नदस्ता टीम गठित

जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए सात विशेष उड़नदस्ता टीमों का गठन किया गया है, जो प्रत्येक केन्द्र का निरीक्षण कर नकल पर लगाम लगाने की कवायद करेंगे। प्रत्येक उड़नदस्ता टीम में चार सदस्य होंगे, जो प्रतिदिन अपनी रिपोर्ट डीईओ को देंगे। जानकारी के अनुसार उड़नदस्ता दल के प्रभारियों में डीडी मंडावी अपर कलेक्टर की टीम में डीईओ जितेन्द्र गुप्ता, उप संचालक पंचायत ऋतु साहू, एमआर भगत, दीपिका नेताम एसडीएम की टीम में संजय सिंह, एसएल सोनवानी, सिद्धिविनायक पांडेय, उषा लकड़ा एसी ट्राइबल की टीम में आशीष साहू, विनय मोहन भट्ट, भूपेन्द्र पाल, प्रकाश कुमार तिवारी एमडी, शिक्षा के टीम में देवेश जायसवाल, निलेश शुक्ला, सविता सिंह, अमृता सिंह तहसीलदार की टीम में ए.पन्ना, शोभित एक्का, आजाद एक्का, प्रतीक जायसवाल तहसीलदार के टीम में कमलेश देवांगन, सज्जन सिंह, रेणुका जायसवाल तथा राकेश साहू एसडीएम के टीम में बी. लकड़ा, अरविंद सिंह, मारुति शर्मा को शामिल किया गया है।

### परीक्षा नियंत्रण कक्ष रहेगा सक्रिय

जिला शिक्षा कार्यालय में परीक्षा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो परीक्षा अवधि के दौरान सुबह 9 से दोपहर 12:15 बजे तक संचालित होगा। अलग-अलग स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है, जो किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तुरंत प्रशासन को देंगे।

### नकल करने वालों पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी ने सभी उड़नदस्ता दलों को प्रत्येक परीक्षा केन्द्र का सघन निरीक्षण करने और नकलचियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। यदि किसी परीक्षा केन्द्र पर नकल या अन्य गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### 46 केन्द्रों में आज से बोर्ड परीक्षा प्रारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 1 मार्च से बोर्ड परीक्षा प्रारंभ किया जा रहा है। एमसीबी जिले के जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि 1 मार्च से प्रारंभ बोर्ड परीक्षा के लिए 46 केन्द्र निर्धारित किया गया है तथा जिले में कक्षा 10 वीं के 5153 छात्र/छात्राओं तथा कक्षा 12 वीं के 3913 कुल 9066 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री मिश्रा ने बताया कि पूर्व में माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा गोपनीय सामग्री का वितरण कर नजदीकी पुलिस थानों में सुरक्षित रखा दिया गया है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा अधिकारी व विकासखंड स्तर पर उड़न दस्ता दल की नियुक्ति कर दी गई है।

# बाजार में कटहल की आवक शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



कटहल का सीजन शुरू हो गया है। बाजारों में कटहल बिकने के लिए आने लगे हैं, लेकिन अभी महंगे बिक रहे हैं। बावजूद इसके कई लोग ऊंचे दामों की फिक्र न करते शुरूआती स्वाद लेने से नहीं चुक रहे हैं। अभी बाजार में छोटे साइज के कटहल के फल आ रहे हैं और सीमित ही आवक हो रही है। कटहल एक बडे फलों में शामिल है, लेकिन इसके फल का उपयोग लोग सब्जी के रूप में इस्तेमाल करते हैं। वर्तमान में कटहल की छोटी साइज की है और सीमित मात्रा में बाजार में पहुंचने के कारण वर्तमान की सब्जियों से महंगे दाम पर विक्रय की जा रही है, जिसका स्वाद हर कोई लेना चाहता है, लेकिन महंगा होने के कारण खास लोग ही खरीदी कर रहे हैं। आने वाले समय में भरपूर मात्रा में कटहल की आवक होने लगेगी, तब सस्ती हो जाएगी।

कोरिया जिले के गांव-गांव में कटहल के पेड़ हैं, जहां इन दिनों फल लद गए हैं। कटहल का फल किसानों के आर्थिक आय का बेहतरीन जरिया है जो बिना देख-रेख के साल में एक बार भरपूर पैदावार देती है। पहले कभी कटहल गरीबों का भोजन माना जाता था, लेकिन अब यह सुपरफुड बन गया है तथा वैश्विक बाजार में इसकी मांग बढ़ने लगी है। अपनी बेहतरी स्वाद के लिए कटहल ज्यादातर लोगों की पसंद बनी है। यही कारण है कि बडे-बडे रेस्टोरेंट में भी कटहल की सब्जी की मांग बनी रहती है। कटहल जब छोटे साइज का होता है तो इसकी बेहतरीन सब्जी का स्वाद आता है, वैसे कई लोग बडे साइज बीज होने के बाद भी चाव से कटहल की सब्जी खाते हैं। बहरहाल कटहल का बाजार ग्रामीण क्षेत्रों में भले ही ज्यादा बड़ा न हो, लेकिन बड़े शहरों में कटहल की मांग सीजन में सबसे अधिक रहती है।

# कोटपा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अविनाश खरे व जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पुष्पेन्द्र सोनी के मार्गदर्शन में कोटपा एक्ट 2003 के नियमों के पालन के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत विकासखंड मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के बस स्टैंड और स्कूलों के आसपास स्थित पान दुकानों, थोक किराना स्टोर्स समेत अन्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान धारा 4 और 6 के तहत कुल 11 चालानी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई उन दुकानदारों के खिलाफ की गई, जिन्होंने कोटपा एक्ट के नियमों का उल्लंघन किया। साथ ही सिगरेट और तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और दुकानदारों को कोटपा एक्ट के नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई।

इस विशेष अभियान में दल का नेतृत्व डॉ. कीर्ति चौहान (जिला नोडल अधिकारी एनटीपीसी), डॉ. विक्की टोप्पो, आलोक मिंज और खाद्य निरीक्षक विनोद कुमार गुप्ता ने किया। इस कार्रवाई में पुलिस विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अन्य सदस्य भी शामिल रहे। आगामी दिनों में इस तरह के अभियान जारी रखने का संकल्प लिया गया, ताकि कोटपा एक्ट का कड़ाई से पालन हो सके और समाज में तंबाकू से संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ सके।

# कोल इंडिया हॉकी टीम में ओझा का चयन

**चरचा कॉलरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय मुख्यालय में उप प्रबंधक (कार्मिक) पद पर कार्यरत और प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी विकास शंकर ओझा का चयन कोल इंडिया हॉकी टीम के लिए किया गया है।



इस संदर्भ में कोल इंडिया मुख्यालय द्वारा आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। विकास शंकर ओझा का यह पांचवां चयन है, जो उनकी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा और मेहनत का प्रमाण है। उनके चयन पर बैकुंठपुर क्षेत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों और खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है। इस सफलता ने पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल बना दिया है। विदित हो कि विकास ओझा पिछले कई वर्षों से एसईसीएल टीम के कप्तान के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं और अपने बेहतरीन खेल कौशल से टीम को अनेक सफलताएं दिलाई हैं। अब उन्हें छठी बार राष्टीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है, जो बैकुंठपुर क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। आगामी 17 से 20 मार्च तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सौजन्य से कोलकाता के नेताजी सुभाष ईस्टर्न सेंटर में ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर हॉकी टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में एसईसीएल के पांच खिलाड़ी कोल इंडिया टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम के कोच एसआर हेनरी और टीम मैनेजर यशवंत सिंह दोनों ही एसईसीएल के कर्मचारी हैं, जो अपनी टीम को उच्च प्रदर्शन तक पहुंचाने के लिए तत्पर हैं। विकास ओझा के चयन से बैकुंठपुर क्षेत्र में खेल गतिविधियों को और बल मिलेगा तथा अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। अधिकारी और कर्मचारी उनके उज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

### निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए प्लेसमेंट कैंप 5 को

**बैकुण्ठपुर।** शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर आने वाला है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 5 मार्च को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चलेगा, जिसमें विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा 319 पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैंप में सत्या माइक्रो कैपिटल लिमिटेड, एसआईएस इंडिया लिमिटेड और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। कंपनियों द्वारा सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर, ब्रांच मैनेजर, सेल्स ऑफिसर, ईडीओ, एफसीओ सहित विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि यह प्लेसमेंट कैंप युवाओं के लिए एक बेहतरीन अवसर है, जहां वे अपनी योग्यता के अनुसार कंपनियों में नौकरी पा सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं।



## खबर संक्षेप



### पद्मश्री जगेश्वर को किया गया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रपति द्वारा वर्ष 2024 में पद्म विभूषण से सम्मानित जशपुर निवासी पद्म श्री जगेश्वर यादव को शुक्रवार को शैलगिरी होटल में सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश सिंह सिसोदिया ने किया। श्री यादव शुरू से ही नंगे पांव रहते हैं। इन्हें बिरहोर जाति के सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक उत्थान हेतु पद्मश्री से नवाजा गया था। उन्होंने बताया कि वे 1980 से अनसुने व अनकहे बिरहोर जाति के उत्थान हेतु संघर्षरत हैं। हालिया पंचायत चुनावों में इस जाति के लोग सरपंच व पंच पदों पर निर्वाचित हुए हैं। पुराने समय में अत्यंत कठिन परिस्थितियों में काम करना पड़ता था। बिरहोरों की भाषा सर्वथा अलग है। इनमें भी उपजातियां हैं, अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग नामों से इस जाति के लोग जाने जाते हैं। इनका उद्गम सरगुजा के दमाली से हुआ था। आभा एक्का, भाजपा कार्यकर्ता विजय सोनी, पूजा पाण्डेय, नूर खाखा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान नवनिर्वाचित जनपद सदस्य शोभा भगत को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती हिना खान, श्रीमती मनीषा वर्मा, राधेश्याम यादव, मुनेश्वर सिंह यादव, नीलेश गुप्ता, भरत दुबे, श्रीमती सिंगारू रजक, पार्वती सिंह, ललिता लुसिया खेस, सविता टोप्पो आदि उपस्थित थीं।

### शंकरघाट मंदिर में शौण्डिक समाज का भंडारा, उमड़ी भीड़



**अम्बिकापुर।** शौण्डिक समाज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर शंकर घाट मंदिर में महाप्रसाद भंडारे की आयोजन किया। महाप्रसाद भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही उपवास रखे श्रद्धालुओं को फल वितरण किया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, सचिव रवि भूषण गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, संरक्षक दुर्गा गुप्ता, विनोद गुप्ता, सुनील गुप्ता, नरेश गुप्ता, संत गुप्ता, श्याम गुप्ता, आनंद गुप्ता, अरविंद गुप्ता, विनोद गुप्ता, उदय गुप्ता, सुनील गुप्ता, विजय गुप्ता, मनोज प्रसाद, वेद प्रकाश गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, नितिन गुप्ता, दुल्लु गुप्ता, भीमराज गुप्ता, राकेश गुप्ता, चंदन गुप्ता, शशि भूषण गुप्ता, आदर्श आश्रय,जैयश शौर्य, धैर्य गुप्ता, सत्या गुप्ता, अंजू गुप्ता, निर्मला गुप्ता, सुनीता गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, रुक्मणी गुप्ता, सरिता गुप्ता, ललित गुप्ता, निर्मला देवी, अनीता गुप्ता, चांदनी गुप्ता, नैंसी गुप्ता सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे

## पेज 1 के शेष...

### चुनाव में भय फैलाने लगाए थे...

निर्मित हो गया था। ठीक चुनाव से पहले इस तरह की घटना के बाद पुलिस प्रशासन में भी हडकंप मच गया। इस मामले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना परियोजना क्रियान्वयन ईकाई राजपुर के सहायक अभियंता योगेश नागेश की ओर से इस मामले में सामरी थाना में 4 फरवरी को शिकायत दर्ज कराई गई थी। सडक निर्माण कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करने की नियत से भय उत्पन्न करने धमकी देने के लिए इस प्रकार के कृत्य से ठेकेदार और कर्मचारियों में भय का माहौल था। इस घटना शिकायत के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी वैभव बैंकर ने जांच के निर्देश दिए थे। एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी एमानुएल लकडा के नेतृत्व में जांच के दौरान यह बात सामने आई कि लम्बे समय से क्षेत्र में नक्सलियों का आनन-जाना बंद है। ऐसे में नक्सलियों द्वारा किसी को भेजकर बैनर लगवाया गया है या फिर किसी एनी व्यक्ति की बदमाशी है।

## कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड में शामिल होंगे कुल 17459 छात्र छात्राएं

# आज से शुरू होंगी माशिमं की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों के लिए लगे डेस्क-बेंच।

**खास बात**

- नकल पर नजर रखने विभाग ने गठित किया उड़नदस्ता दल

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू हो रही है। शनिवार को 12वीं बोर्ड के हिंदी विषय की परीक्षा होगी। परीक्षा का समय सुबह 9 से 12.15 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन व स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जिले में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 17 हजार 459 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। इस बार भी जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षा के दौरान नकल प्रकरण पर रोक लगाने के लिए 12 उड़न दस्ता दलों का गठन किया गया और नकल प्रकरण बनने पर टीम द्वारा कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

बता दें कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो रही है। 1 मार्च को 12वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू होगी जबकि 3 मार्च से 10 वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है। परीक्षा से सम्बंधित गोपनीय सामग्रियों का वितरण 25 फरवरी को किया गया था जिसके बाद गोपनीय सामग्रियों को कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए सरगुजा जिले में कुल 75 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। वहीं बोर्ड परीक्षा के तहत सरगुजा जिले में कक्षा 10 वीं हाईस्कूल में कुल 9415 व 12वीं हायर सेकेंडरी कक्षा के 8044 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा 10 उड़न दस्ता दलों का गठन किया गया है जबकि स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से भी 2 उड़न दस्ता दलों का गठन किया गया है। परीक्षा के दौरान नकल करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा शुरू होने से पहले शुक्रवार को सभी स्कूलों में भी प्रबंधन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### बलरामपुर में शामिल होंगे 16436 परीक्षार्थी

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ होगी और यह परीक्षा 28 मार्च तक चलेगी। इसी प्रकार हाईस्कूल मुख्य परीक्षा 3 मार्च से 24 मार्च तक होगी। इन परीक्षाओं के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में 59 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जहां 10वीं के 9373 एवं 12वीं के 7063 कुल 16 हजार 436 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों में सतत निगरानी, निरीक्षण एवं अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दल का गठन भी किया गया है

## क्रय नियमों की अवहेलना पर अमेरा समिति प्रबंधक निलंबित, 6 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सहकारी समिति के प्रबंधकों द्वारा भण्डार क्रय नियमों की अवहेलना कर निर्धारित दर से अधिक कीमत पर तिरपाल, एवं प्लेटफार्म टाइप इलेक्ट्रॉनिक कांटा-बाट खरीदी में बड़ी अनियमितता करने का खुलासा हुआ है।

सहकारिता उपायुक्त ने सहकारी समिति अमेरा के प्रबंधक जगदीश राजवाड़े को निलंबित कर दिया है वहीं क्रय नियमों की अवहेलना कर प्लेटफार्म टाइप कांटा-बाट मशीन खरीदी करने के मामले में 6 समिति प्रबंधकों को सेवा से बर्खास्त करने की नोटिस दी है तथा 7 दिनों के भीतर नोटिस का जवाब मांगा है। खास बात है कि समितियों के काम-काज पर नजर रखने वाले सहकारिता उपायुक्त को इस बड़ी अनियमितता की जानकारी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा ध्यानाकर्षण सूचना लगाने के बाद मिली। सूचना पर सहकारिता उपायुक्त ने आनन फानन में कार्रवाई की है। सहकारी समितियों के लिए 10 वर्ष पूर्व तक सहकारी केन्द्रीय बैंक तिरपाल एवं अन्य सामग्रियों की खरीदी करता था तथा आवश्यकता के अनुरूप समितियों को सामग्री की आपूर्ति करता था। खरीदी को लेकर विवाद बढ़ने के कारण बैंक ने खरीदी करना बंद कर दिया। इसके बाद एकीकृत सरगुजा में संचालित सभी समितियों के प्रबंधक हर साल आवश्यकता के अनुरूप तिरपाल एवं इलेक्ट्रॉनिक कांटा-बांट, नमी मापक यंत्र की खरीदी करते हैं। इस साल भी अधिकांश समिति प्रबंधकों ने तिरपाल एवं इलेक्ट्रॉनिक कांटा-बांट की खरीदी की है। सहकारिता उपायुक्त की जानकारी के बिना समिति प्रबंधकों द्वारा सामग्री की खरीदी संभव नहीं है। समितियों की निगरानी करने वाले सहकारिता उपायुक्त को इस बड़ी गड़बड़ी की जानकारी विधानसभा में लगाए गए ध्यानाकर्षण सूचना से होने पर हैरानी जताई जा रही है। सहकारिता उपायुक्त ने भंडार क्रय नियमों की अवहेलना कर प्लेटफार्म टाइप इलेक्ट्रानिक कांटा बाट खरीदने के मामले में सहकारी समिति चांदों, पेटला, कर्रा, भुषू, सेदम एवं लखनपुर के प्रबंधक को बर्खास्त करने संबंधी नोटिस जारी कर 7 दिवस में जवाब मांगा है।

इस संबंध में सहकारिता आयुक्त एनएल टंडन ने बताया कि भण्डार नियमों की अवहेलना कर अमेरा समिति प्रबंधक द्वारा 9500 की दर से 12 नग तिरपाल खरीदने के मामले में निलंबित किया गया है वही कम राशि की खरीदी करने वाले 6 समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी की गई है।

## चोरी की स्कूटी लेकर घूम रहा था युवक, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** स्कूटी चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की स्कूटी बरामद करने में भी सफलता हासिल की है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महामाया रोड निवासी महिला गुरप्रीत कौर छाबड़ा ने 6 फरवरी की शाम 5.30 बजे अपनी यामहा कंपनी की स्कूटी क्रमांक सीजी 15 सीएस 9134 को अपने घर के सामने खड़ी की थी। रात लगभग 9 बजे जब महिला घर से बाहर निकली तो उसकी स्कूटी गायब थी ऐसे में महिला ने देर रात कोतवाली थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक चोरी की स्कूटी से डीसी रोड की तरफ घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कोतवाली अंतर्गत रजपुरी खुर्द बरपारा निवासी 21 मुकेश चेरवा उर्फ छोटू आ.देवराज को हिरासत में लेकर चोरी की स्कूटी बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्कूटी चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी की बीएनएस की धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक अमित प्रताप सिंह, आरक्षक नितिन सिन्हा, रमन मण्डल सक्रिय रहे।




## बस कंडक्टरों का लाइसेंस जांच कर की गई कार्रवाई

**रामानुजगंज।** झारखंड राज्य का सीमावर्ती क्षेत्र बलरामपुर मार्ग से बड़ी संख्या में झारखंड एवं बिहार राज्य के लिए बसें संचालित होती है। इस मार्ग के संचालित यात्री वाहनों पर प्रभारी अधिकारी परिवहन चेकपोस्ट रामानुजगंज द्वारा बिना कंडक्टर लाइसेंस के मिले यात्री वाहनों के कंडक्टरों पर कार्रवाई की जा रही है।बिना कंडक्टर लाइसेंस के विरुद्ध परिवहन विभाग सख़्त है, मोटरयान नियमों अनुसार यात्रियों को सुविधा देने हेतु बस के कंडक्टर के पास लाइसेंस होना चाहिए, बिना कंडक्टर लाइसेंस के विरुद्ध जांच जारी है। जांच के दौरान 30 यात्री बसों के कंडक्टर के पास लाइसेंस नहीं होना पाया गया साथ ही कंडक्टर वर्दी में नहीं थे। इन बिना लाइसेंस कंडक्टरों से 38 हजार समन शुल्क वसूल किया गया। प्रभारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिन बसों के कंडक्टरों के पास कंडक्टर लाइसेंस नहीं है उन पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी , साथ ही कंडक्टर लाइसेंस बनवाने हेतु समझाइश भी दी जा रही है।

### बिना लाइसेंस कंडक्टर पर परिवहन विभाग सख्त लाइसेंस बनवाने दिए निर्देश

**अम्बिकापुर।** बिना कंडक्टर लाइसेंस यात्री बसों के संचालन की शिकायत को लेकर परिवहन विभाग सख्त हो गया है। इस संबंध में परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देश पर परिवहन उड़नदस्ता द्वारा 25 से 27 फरवरी तक यात्री बसों की संघन जांच की गई जिसमें बिना कंडक्टर लाइसेंस पए गए 14 वाहनों से 7 हजार समन शुल्क वसूल किया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विनय सोनी ने बताया कि परिवहन कार्यालय में 28 फरवरी को वाहन स्वामियों की बैठक ली गई। बैठक में परिचालकों को रेड क्रॉस से प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है जिसके बाद रेड क्रॉस द्वारा एक सर्टिफिकेट दिया जाएगा। तत्पश्चात आगे की प्रक्रिया आरटीओ ऑफिस में पूर्ण कर परिचालक लाइसेंस प्रदान किया जाएगा। सभी बस संचालकों को कंडक्टर लाइसेंस बनाने कहा गया है।

## विक्षोभ के प्रभाव से पारा में 4 डिग्री की वृद्धि, बढ़ी गर्मी

**अम्बिकापुर।** पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से एक बार फिर मौसम में तेज बदलाव आया है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ गया है। मौसम विज्ञानी पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से मार्च के प्रथम सप्ताह में मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से पिछले तीन दिनों से बादलों की आवाजाही जारी है। पूर्व में कुछ देर के लिए हल्के बादल प्रभावी रहते थे लेकिन गुरूवार की देर रात आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के कारण रात के तापमान में वृद्धि हुई है। शुक्रवार को बादलों का घनत्व बढ़ने के कारण गर्मी बढ़ गई है। दिन के तापमान में वृद्धि नहीं होने के बावजूद गर्मी से लोग परेशान रहे। गुरूवार को न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था बादलों का घनत्व बढ़ने के बाद शुक्रवार को बढ़कर क्रमशः 13.5 डिग्री एवं 30.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। विक्षोभ का प्रभाव पड़ोसी राज्य झारखण्ड के ऊपर केंद्रित रहने के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों पर इसका अधिक प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार आगामी दो दिनों बाद विक्षोभ कमजोर पड़ेगा। इधर 3 मार्च को एक नया विक्षोभ सक्रिय होगा जिसके प्रभाव से मार्च के प्रथम सप्ताह के मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी रहेगा। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद तापमान में वृद्धि होने तथा गर्मी बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

## बिजनेस प्लस/हेल्थ प्लस

### सुजुकी एक्सेस के नए मॉडल आल न्यू एक्सेस 125 को किया गया लॉन्च

**अंबिकापुर।** शहर के अंबेडकर चौक स्थित अंबिका सुजुकी के शोरूम में सुजुकी एक्सेस के नए मॉडल आल न्यू एक्सेस 125 का भव्य लॉन्च किया गया। आयोजन में शहर के विभिन्न लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं सुजुकी एक्सेस के नए मॉडल की टेस्ट राइड कर हाथों हाथ बुकिंग करवाई। लोगों ने एक्सेस के साथ-साथ सुजुकी की बर्गमैन, एवेनिस एवं स्पोर्ट्स बाइक जिक्सर 150 की भी टेस्ट राइड कर सराहना की। आयोजन में अंबिका सुजुकी के संस्थापक आयुष गर्ग, सुजुकी कंपनी के रीजनल मैनेजर पंकज मुद्गल एवं एरिया सेल्स मैनेजर जसबीर सिंह के साथ ही काफी संख्या में शहर के लोग उपस्थित थे।



### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**अम्बिकापुर।** नगर के दर्रीपारा में संचालित विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 2 मार्च रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ. संजीत जायसवाल (इंडोक्राइन विशेषज्ञ ) द्वारा शुगर, थायराइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधित जांच की जाएगी। संचालक डॉ. विवेक कुमार केशरी (रेडियोलॉजिस्ट) ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा एवं हमारे यहां सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एक्स-रे, कलर डॉपलर, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।




## कांग्रेस ने कहा-मंजूषा भगत माफ़ी मांगे नहीं तो कांग्रेस के पार्षद शपथ ग्रहण में नहीं होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- नव निर्वाचित मेयर के बयान पर गरमाई राजनीति, मंजूषा भगत ने कहा- निगम को कुंभ के गंगाजल से करेंगी शुद्ध



दस वर्षों के बाद सत्ता में लौटी भाजपा की नवनिर्वाचित महापौर मंजूषा भगत द्वारा दिए गए बयान के बाद विवाद उत्पन्न हो गया है। सत्ता परिवर्तन के बाद अभी नई सरकार का शपथ ग्रहण भी नहीं हुआ है इससे पहले मंजूषा भगत ने बयान दिया है कि वे निगम में दस वर्ष के कार्यकाल में अशुद्धियां फैल गई है और वे इन अशुद्धियों को दूर करने के लिए कुंभ से लाए गए गंगा जल का निगम में छिड़काव करेंगी। जिला कांग्रेस कमेटी ने महापौर मंजूषा भगत के इस बयान की निंदा की है। कांग्रेस ने इस मामले में बयान जारी कर कहा है कि मंजूषा भगत अपने बयान पर सार्वजनिक माफी नहीं मांगेंगी तो कांग्रेस पार्षद शपथ समारोह में हिस्सा नहीं लेंगे।

बता दें कि नवनिर्वाचित महापौर ने मीडिया में यह बयान दिया है कि नगर निगम के विगत 10 वर्ष के कार्यकाल में निगम में अशुद्धियां फैल गई है। इन अशुद्धियों को दूर करने के लिये वे कुंभ से लाए गए गंगा जल का छिडकाव निगम में करेंगी। उन्होंने कहा कि वे निगम की पहली हिंदू महापौर हैं। उन्होंने निगम आयुक्त को यह निर्देश दिया है कि पूर्व में महापौर द्वारा उपयोग किए जा रहे कुर्सी, टेबल को हटा कर नए कुर्सी टेबल लगाए जाएं। नवनिर्वाचित महापौर के इस बयान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि किसी भी सदन चाहे वो विधानसभा हो या नगर निगम का निर्माण पक्ष और विपक्ष के साथ होता है। विगत 10 वर्ष से अगर निगम अशुद्ध था तो इस अशुद्धी में भाजपा और स्वयं नवनिर्वाचित महापौर भी बतौर पार्षद के रूप में मौजूद थी और भागीदार थी। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि जिस किस्म का नफरती एवं छूत-अछूत की भावना वाला बयान नवनिर्वाचित महापौर ने दिया है वो उनके अपरिपक्वता को जाहिर करता है। विगत 10 वर्ष तक बेहद सौम्य और सज्जन व्यक्तित्व के धनी डॉ. अजय तिर्की अंबिकापुर के महापौर थे। न केवल महापौर साथ ही चिकित्सक के पेशे में भी वे अपने मानवीय मूल्यों और जनसहयोगी व्यवहार के कारण विख्यात हैं। उनके प्रति नवनिर्वाचित महापौर के द्वारा दिया गया नफरती बयान पीड़ा जनक है। अपने बयान में उन्होंने यह भी कहा है कि वे अम्बिकापुर की पहली हिंदू महापौर हैं। ऐसा कहकर क्या वे 2004 से 2014 तक अंबिकापुर के महापौर रहे प्रबोध मिंज पर भी सवाल खडी कर रही हैं। अगर डॉ. अजय तिर्की और प्रबोध मिंज के अंबिकापुर का महापौर होने से निगम और शहर अशुद्ध हो जाता है तो क्या छत्तीसगढ विधानसभा भी अशुद्ध हो गया है, जहां के लिये प्रबोध मिंज भाजपा से विधायक हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि नवनिर्वाचित महापौर के साथ ही शहर के पूर्व के दोनो महापौर सरगुजा की सम्मानित और प्रगतिशील उरांव जनजाति से हैं। इस जनजाति की एक महिला जनप्रतिनिधि का अपने सजातीय दो जनप्रतिनिधियों के प्रति नफरत एवं छुआछूत भरा व्यवहार भाजपा के नफरती एजेंडे को सामने लाती है। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि वो इस मामले में आगे कानूनी कारवाई पर विचार कर रही है। इसपर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा।




हरिभूमि

पाठकों के लिए माह फरवरी 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 28 दिन | 5.00 | 140.00 |
| 28 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह फरवरी 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मार्च 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## हर दिन विलम्ब से खुल रहा सहकारी केन्द्रीय बैंक

- किसान बैंक के बाहर बैठकर करते हैं कर्मचारियों का इन्तजार

**बिश्रामपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा बिश्रामपुर के कर्मचारियों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही हैं।बैंक कर्मियों के द्वारा ग्राहकों से रुखा व्यवहार करने के अतिरिक्त उनके मनमाने व भ्रष्ट आचरण की शिकायत बैंक के उच्च अधिकरियों के समक्ष किए जाने के बावजूद बैंक प्रबंधन उन पर कार्यवाही न करते हुए उनके मनोबल को बढ़ा रहा है।बताया गया कि सहकारी बैंक के लगभग सभी कर्मचारी रोजाना अम्बिकापुर संभाग मुख्यालय से आना-जाना कर ड्यूटी करते हैं, इस वजह से बैंक का संचालन रोजाना देरी से शुरू होता है।28 फ़रवरी दिन शुक्रवार को भी बैंक पहुंचे ग्राहक गणेश साहू निवासी शिवनन्दनपुर ने बताया कि बैंक शुक्रवार को पौने ग्यारह बजे तक नहीं खुल पाया था, सहकारी बैंक पहुंचे दर्जनों की संख्या में ग्राहक बैंक खुलने के इंतजार में बैठे हुए देखे गये।कुछ समय पश्चात 10:50 में कर्मचारी पहुंचे, फिर बैंक खोला गया और आधे घंटे बाद लेनदेन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। बैंक के ग्राहकों ने बताया कि ये स्थिति अब रोजाना की हो चुकी है। बैंक के कर्मचारी ग्राहकों को क्रमवार निकासी फॉर्म से भुगतान नहीं करते,इसके अतिरिक्त बैंक कर्मियों द्वारा ग्राहकों को बांटे गए एटीएम को बिना खाते में सक्रिय किए थमा देने से ग्राहकों को जबरन परेशान कर उन्हें बैंक आने के लिए करने के आरोप पूर्व में लगते रहे हैं।बैंक कर्मियों की मनमानी बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से होने का दावा कई ग्राहकों ने किया है।ग्राहकों का यह भी आरोप है कि सहकारी बैंक प्रबंधन द्वारा बीस हजार रुपये से अधिक राशि के भुगतान के लिए निकासी फॉर्म लगाने पर बैंक कर्मियों द्वारा धान बोनस की राशि के नाम पर रिश्वत के रुप में पैसे की मांग की जाती है।सहकारी बैंक प्रबंधन कर्मियों की मनमानी आचरण से दूरस्थ क्षेत्र के किसान व ग्रामीण खासे परेशान हैं।







